एक प्रति का मूल्य 3/-

# भार्गव समाचार दर्शिका

वर्ष 48 मार्च, 2020 अंक 12



ॐ 卐 ॐ 卐 ॐ

Over 50 Years
Quality Healthcare

# Cooper Pharma Limited

**Rakesh Bhargava**
Managing Director
# 09810348149


**Lata Bhargava**
Director
# 09910045970

**Abhishek Bhargava**
# 09958677899




cGMP, WHO-GMP & ISO 9001:2000 Certified




Regd. Office: 12/12, Shakti Nagar, Delhi - 110 007 (INDIA)
Tel.: (011) 26841442
Head Office: Plot no-5, Nidhi Plaza IInd floor, L.S.C., Gulabi Bagh, Shakti Nagar, Delhi - 52
Tel.: (011) 23653404, 23653537, 23653405
Works at : C-3, Industrial Area, Selaqui, Chakrata Road, Dehradun - 248197 (Uttarakhand)
Tel.: (0135) 2698730, 2698686
E-mail : cooperpharma@hotmail.com Visit us at : www.cooperpharma.com

*IN MEMORY OF*



LATE SHRI RAJ NARAIN BHARGAVA

## J. NORAIN & SON
## GASKETS & MATERIALS

Dealers of Asbestos Jointing Sheets
Aromatic Chemicals and Compounds

A-55/1, G.T. Karnal Road Indl. Area, Delhi-110033
Phone : 27428587, 47065521
E-mail : paras1966@hotmail.com
Mobile : 9810158418
Resi. : 011-27020222

Perfact | Group

TOTAL ENVIRONMENTAL SOLUTIONS

## CONSULTANCY WING

- Environmental Clearances
- Designing, Operation & Maintenance of Pollution Control Devices (APCS, ETP & STP)
- Environmental Audit
- Consultancy for Compliances of Environmental Laws
- NBWL / Forest / Ground Water Clearances

## ENVIRONMENT LABORATORY

- Testing Laboratory
- Air Quality
- Water Quality
- Soil Quality
- Noise level
- Indoor Air Quality
- Work zone Monitoring
- Metal Testing

## WASTE MANAGEMENT

- Electrical & Electronics Waste Management
- Plastic Waste Management
- Approved recycler of Plastic Waste under Plastic waste Rules 2016.
- Solid Waste Management
- Liquid waste Management

PERFACT SOLUTIONS

**PERFACT GROUP**

**Total Environmental Solutions**

5th Floor, NN Mall,
Sector - 3, Rohini, Delhi – 110 085
Phone : +91-11-49281360/61
Website : www.perfactgroup.com
Email : info@perfactgroup.in

**POLYGAMMA RECYCLING LLP**

**Factory Address :**

C-15, DSIIDC, Industrial Complex,
Nangloi, Rohtak, Road,
New Delhi – 110 041
Phone : +91-9818424364
Email : polygamma.recycling@gmail.com

Perfact Services

PolyGamma

**Total No. of Pages 40 (including title).**

卐 *सर्व भूतहिते रताः* 卐

# *भार्गव समाचार दर्शिका*

## *संस्थापक : श्री नवीन चन्द्र भार्गव*

वर्ष 48 | मार्च, 2020 | अंक 12

*प्रबन्ध सम्पादक*
***श्रीमती नीरा भार्गव***
*मैसर्स कनु एस्टेट्स (प्रा.) लि.*
*दूरभाष : 9811066272*

*सम्पादक*
***श्री योगेश भार्गव***
*मैसर्स भृगु प्रिंटर्स*
*दूरभाष : 9312243182*

# राम नवमी, हनुमान जयन्ती एवं परशुराम जयन्ती की हार्दिक शुभकामनायें

***श्रीमती नीरा भार्गव***
*प्रबन्ध सम्पादक*
*(भार्गव समाचार दर्शिका)*

***योगेश भार्गव***
*सम्पादक*
*(भार्गव समाचार दर्शिका)*

***अजय भार्गव***
*सचिव (दिल्ली भार्गव सभा)*

***राजेश भार्गव***
*प्रधान (दिल्ली भार्गव सभा)*

***आरती भार्गव***
*सचिव (भार्गव महिला सभा दिल्ली)*

***अंजू भार्गव***
*प्रधान (भार्गव महिला सभा दिल्ली)*

***कार्यालय व पत्र व्यवहार का पता***
**योगेश भार्गव, सम्पादक भार्गव समाचार दर्शिका**
मानव धर्म भवन, 67/3, मद्रास हाउस, दरियागंज, नई दिल्ली-110002
मोबाइल : 9312243182 ई-मेल : bhargavasamachar@gmail.com

**संरक्षक :**

| | | |
|---|---|---|
| **श्री सुरेश भार्गव** | **श्री अशोक भार्गव** | **श्रीमती मंजू भार्गव** |
| कनु एस्टेट्स (प्रा.) लि. | एक्स. एल. लेबोरेट्रीज | दरियागंज, नई दिल्ली |
| दूरभाष : 26344142 | दूरभाष : 25920680 | मो. : 9312704470 |
| **श्री ए. एस. भार्गव** | **श्रीमती मंजू भार्गव** | **श्री राकेश भार्गव** |
| ग्रेक्योर फार्मेसियुटिकल्स लि. | नोएडा | कूपर फार्मा, दिल्ली |
| दूरभाष : 25411594 | मो. : 9310950999 | दूरभाष : 23842587 |

**संयोजक :**

| | | |
|---|---|---|
| **श्री संजीव भार्गव** | **श्री देवेन्द्र कुमार भार्गव** | **श्री दिवाकर भार्गव** |
| घौंडा, मौजपुर | किशोरी लाल एजेन्सीज़ | भार्गव कमर्शियल प्रा. लि. |
| मो.: 9136229066 | मो. : 9871222158 | मो. : 9810003713 |

**सह सम्पादक :**

| | | |
|---|---|---|
| **श्री बाल कृष्ण भार्गव** | **श्री मयंक भार्गव** | **श्रीमती मीनाक्षी भार्गव** |
| राजौरी गार्डन | घौंडा | डी.एल.एफ. |
| मो.: 9891910968 | मो.: 9718011810 | मो.: 8882954428 |

**सदस्य :**

| | | |
|---|---|---|
| **श्री राजेश भार्गव** | **श्री अजय भार्गव** | **श्री सुधाकर भार्गव** |
| प्रशान्त विहार | पटपड़गंज | आनन्द विहार |
| मो.: 9810130726 | मो.: 9810380343 | मो. : 9810042132 |
| **श्री सर्वेश भार्गव** | **श्रीमती अंजू भार्गव** | **श्रीमती आरती भार्गव** |
| दरियागंज | अनुपम अपार्टमेंट्स | रोहिणी |
| दूरभाष : 23265973 | मो. : 9818003693 | मो. : 9818884535 |
| **श्रीमती रश्मि भार्गव** | **श्रीमती मनी भार्गव** | **श्रीमती अनु भार्गव** |
| पटपड़गंज | आनन्द विहार | घौंडा, मौजपुर |
| मो. : 9810306540 | मो. : 9871793755 | मो. : 9212944101 |

## इस अंक में...


| | |
|---|---|
| रंगीन विज्ञापन | 3, 4, 37, 38 |
| विज्ञापन | 8, 10, 13, 14, 16, 18, 21, 22 |
| परशुराम स्तवन | 9 |
| श्री परशुराम चालीसा | 11-12 |
| आरती श्री परशुराम जी की | 15 |
| कोरोना वायरस | 17 |
| जातीय समाचार | 19-20 |
| फार्म नं. 4 रूल 8, प्रेस दिल्ली रजि. एक्ट के अन्तर्गत | 23 |
| विज्ञापन | 24, 27, 28, 32, 36 |
| सार्थक जीवन | 25-26 |
| रोगों में लाभदासयक मेथी | 29-30 |
| दांत नहीं जीभ बनो | 31 |
| शिक्षा का व्यापारीकरण व चेतावनी | 33-35 |
| व्रत-पर्व-त्यौहार | 35 |



*With Best Compliments from :-*

**BHARGAVA FINANCE & LEASING CO.**

**NDP CHITS PVT. LTD.**

**SBJ CHITS PVT. LTD.**

***Directors : Kuldeep Bhargava***
***Director : Anuj Bhargava***

***Mobile : 9810182101, 7838382101***
***E-mail: bhargavafinlease@yahoo.co.in***
***404-405, Amber Tower, Azadpur,***
***Near Aakash Cinema, Delhi-110033***

*In Memory of*

**Shri Nihal Chand Bhargava**

**Smt. Kanti Devi Bhargava**

**Shri Ramesh Chand Bhargava**

**Eyetec Opticians**

200, KATRA BARYAN, FATEHPURI,
DELHI - 110 006 (INDIA)
Phone Off. : 011-23939670, 23919811

**Eyetec Optics**

211, SOUTHEX TOWER, 2nd FLOOR
389, MASJID MOTH, SOUTH EXTN. PART - 2
NEW DELHI-110049 (INDIA)

G-14, SOUTHEX PLAZA-I, NEAR MASJID MOTH,
NDSE-II, NEW DELHI-110049 (INDIA)
Phone : 011-26259670, 26259811
E-mail : eyetecoptics@hotmail.com

**Smt. Sandhya Bhargava**

**Lokesh Bhargava** **Neeraj Bhargava**

कोरोना वायरस संक्रमण के कारण दिल्ली भार्गव सभा (पंजी.) को होली उत्सव स्थगित करना पड़ा था। इसके फैलने के कारण परशुराम दिवस भी स्थगित करना पड़ रहा है। आप सभी से निवेदन है कि 25 अप्रैल, 2020 को अपने-अपने घरों में परशुराम चालीसा का पाठ करें तथा परशुराम जी की आरती कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त करें।

आपके लिये परशुराम स्तवन, परशुराम चालीसा व परशुराम जी की आरती इस अंक में प्रकाशित की जा रही है।

यदि कोरोना संक्रमण समाप्त हो गया तो परशुराम दिवस मनाये जाने की सूचना आपको व्हाटसप पर सूचित कर दी जायेगी।

राजेश भार्गव<br>प्रधान

अजय भार्गव<br>मुख्य सचिव



# परशुराम स्तवन

जाकी हांक सुनत हहरिं हिय हारि जात,<br>
जारि जात जाको रोष पावक प्रकाम है।<br>
आजहू चलत ताको भूतल पै वीर साको,<br>
कीरति पताको जाको लोक में ललाम है।।<br>
बार-बार बैरिन के वृन्द वन काटि छांटि,<br>
बाँट वसुध को कियो विप्रन सकाम है।<br>
भाषत 'रसाल' गुरू गौरव को गिरि जौन,<br>
ऐसे भृगुनन्दन को प्रथम प्रणाम है।।

*With Best Compliments From :*



***Late Shri J.N. Bhargava (M.A.)***

Founder

# JOLLY ENGINEERING WORKS

***Manufacturers of :***

**QUALITY HINGES & HARDWARE GOODS**

*1/3, ROOP NAGAR, DELHI-110007*

*Phones : Factory cum Office : 23911688*

*Fax : 23916512*

*Resi. : 23950878, 23916807*

*e-mail : jollyenggworks@usa.net*

# श्री परशुराम चालीसा

**॥ दोहा ॥**

श्री गुरु चरण सरोज छवि, निज मन मन्दिर धारि।
सुमरि गजानन शारदा, गहि आशीष त्रिपुरारि।।
बुद्धिहीन जन जानिये, अवगुणों का भण्डार।
बरणौं परशुराम सुयश, निज मति के अनुसार।।

**॥ चौपाई ॥**

जय प्रभु परशुराम सुख सागर, जय मुनीश गुण ज्ञान दिवाकर।
भृगुकुल मुकुट बिकट रणधीरा, क्षत्रिय तेज मुख संत शरीरा।
जमदग्नी सुत रुणुका जाया, तेज प्रताप सकल जग छाया।
मास बैसाख सित पच्छ उदारा, तृतीया पुनर्वसु मनुहारा।
प्रहर प्रथम निशा शीत न धामा, तिथि प्रदोष व्यापि सुखधामा।
तब ऋषि कुटीर रुदन कीन्हा, रेणुका कोखि जनम हरि लीन्हा।
निज घर उच्च ग्रह छः ठाढे, मिथुन राशि राहु सुख गाढ़े।
तेज-ज्ञान मिल नर तनु धारा, जमदग्नी घर ब्रह्म अवतारा।
धरा राम शिशु पावन नामा, नाम जपत जग लह विश्रामा।
भाल त्रिपुण्ड जटा सिर सुन्दर, कांधे मुंज जनेउ मनहर।
मंजु मेखला कटि मृगछाला, रूद्र माला बर वक्ष बिशाला।
पीत बसन सुन्दर तनु सोहें, कंध तुणीर धनुष मन मोहें।
वेद-पुराण-श्रुति-स्मृति ज्ञाता, क्रोध रूप तुम जग विख्याता।
दायें हाथ श्री परशु उठावा, बेद-संहिता बायें सुहावा।
विद्यावान गुण ज्ञान अपारा, शास्त्र-शस्त्र दोउ पर अधिकारा।
भुवन चारिदस अरू नवखंडा, चहुं दिशि सुयश प्रताप प्रचंडा।
एक बार गणपति के संगा, जूझे भृगुकुल कमल पंतगा।
दांत तोड़ रण कीन्ह विरामा, एक दंत गणपति भयो नामा।
कार्तवीर्य अर्जुन भूपाला, सहस्त्रबाहु दुर्जन विकराला।

सुरगऊ लखि जमदग्नी पांहीं, रखिहहुं निज घर ठानि मन मांहीं।
मिली न मांगि तब कीन्ह लड़ाई, भयो पराजित जगत हंसाई।
तन खल हृदय भई रिस गाढ़ी, रिपुता मुनि सौं अतिसय बाढ़ी।
ऋषिवर रहे ध्यान लवलीना, तिन्ह पर शक्तिघात नृप कीन्हा।
लगत शक्ति जमदग्नी निपाता, मनहुं क्षत्रिकुल बाम विधाता।
पितु-बध मातु-रूदन सुनि भारा, भा अति क्रोध मन शोक अपारा।
कर गहि तीक्षण परशु कराला, दुष्ट हनन कीन्हेउ तत्काला।
क्षत्रिय रुधिर पितु तर्पण कीन्हा, पितु-बध प्रतिशोध सुत लीन्हा।
इक्कीस बार भू क्षत्रिय बिहीनी, छीन धरा बिग्रन्ह कहँ दीनी।
जुग त्रेता कर चरित सुहाई, शिव-धनु भंग कीन्ह रघुराई।
गुरु धनु भंजक रिपु करि जाना, तब समूल नाश ताहि ठाना।
कर जोरि तब राम रघुराई, बिनय कीन्ही पुनि शक्ति दिखाई।
भीष्म द्रोण कर्ण बलवन्ता, भये शिष्या द्वापर महँ अन्नता।
शस्त्र विद्या देह सुयश कमावा, गुरु प्रताप दिगन्त फिरावा।
चारों युग तव महिमा गाई, सुर मुनि मनुज दनुज समुदाई।
दे कश्यप सों संपदा भाई, तप कीन्हा महेन्द्र गिरि जाई।
अब लौं लीन समाधि नाथा, सकल लोक नावइ नित माथा।
चारों वर्ण एक सम जाना, समदर्शी प्रभु तुम भगवाना।
ललहिं चारि फल शरण तुम्हारी, देव दनुज नर भूप भिखारी।
जो यह पढ़े श्री परशु चालीसा, तिन्ह अनुकूल सदा गौरीसा।
पुणेन्दु निसि बासर स्वामी, बसहु हृद्य प्रभु अन्तरयामी।

**॥ दोहा ॥**

परशुराम को चारू चरित, मेटत सकल अज्ञान।
शरण पड़े को देत प्रभु, सदा सुयश सम्मान।।

**॥ श्लोक ॥**

भृगुदेव कुलं भानुं, सहसबाहुर्मर्दनम।
रेणुका नयना नंदं, परशुंवन्दे विप्रधनम्।।

*With Best Compliments from :*

***Anil Bhargava : 9810024116***
***Rajat Bhargava : 9873434821***

*Deals in :*

*Paper ● Paper Board ● Kraft Paper*
*● Waste Paper ● Polyster Film*
*● ITC Make Paper Board*
*● Sakata Make Offset Inks*
*● Management Consultancy*

*PRINCIPALS* :

- ❖ **Siddharth Papers Pvt. Ltd.**
- ❖ **Siddheshwari Paper Udyog Pvt. Ltd.**
- ❖ **N S Papers Ltd**
- ❖ **Polyplex Corporation Ltd.**
- ❖ **Sakata Inx (India) Pvt. Ltd.**
- ❖ **Anand Duplex Ltd.**

**ABBA CONSULTANTS PVT. LTD.**

**107, Siddhartha Chambers, 55-A,**
**Kalu Sarai, Hauz Khas, New Delhi-110016**
**Email Id:** ***anilbhargava@gmail.com,***
***rajat14@gmail.com***



Mahindra
GENUINE SPARES

शान से बेचो ● सुकून से खरीदो





Authorised Distributor

**BHARGAVA MOTORS**

2597/1, 1st Floor, Ram Singh Motor Market, Hamilton Road,
Kashmere Gate, Delhi-110006
Kashmere Gate : 011-23968091, 23935259, 9560697255
Noida : 0120-4299498, 9650697233
Gurgaon : 0124-4387258, 9560697232

# आरती श्री परशुराम जी की



ऊँ जय परशुधारी, स्वामी जय परशुधारी।
सुर नर मुनिजन सेवत, श्रीपति अवतारी।।
जमदग्नी सुत नर-सिंह, मां रेणुका जाया।
मार्तण्ड भृगु वंशज, त्रिभुवन यश छाया।।
कांधे सूत्र जनेऊ, गल रुद्राक्ष माला।
चरण खड़ाऊँ शोभे, तिलक त्रिपुण्ड भाला।।
ताम्र श्याम घन केशा, शीश जटा बांधी।
सुजन हेतु ऋतु मधुमय, दुष्ट दलन आंधी।।
मुख रवि तेज विराजत, रक्त वर्ण नैना।
दीन हीन गो विप्रन, रक्षक दिन रैना।।
कर शोभित बर परशु, निगमागम ज्ञाता।
कंध चाप-शर वैष्णव, ब्राह्मण कुल त्राता।।
माता पिता तुम स्वामी, मीत सखा मेरे।
मेरी बिरद संभारो, द्वार पड़ा मैं तेरे।।
अजर अमर श्री परशुराम की, आरती जो गावे।
'पुर्णेन्दु' शिव साखि, सुख सम्पति पावे।।

*In Memory of Our Father*

**SHRI GYAN BHARGAVA**

**MADHUR & COMPANY**

***Authorised Distributors :***

Reid & Taylor

**425-426, Ist Floor, Katra Choban,**
**Chandni Chowk, Delhi-110006**
**Phones : 23269173, 23257543**
**Resi. : 26947140, 26944932**

***Prop. Madhur Bhargava***

# कोरोना वायरस

*वायरस कोरोना का निर्यात किया चीन ने*
*हजारों गये मर, स्वयं फंस गये अपने ही जाल में*
*दुनिया में फैला कर कोरोना, मानो भारत पर कर डाला जादू टोना*
*अधमिची अंखियों से जब डरा न पाया, चिमगादड़ खा फैलाया कोरोना*
*हाथ मिला बने अंग्रेज, अब कर जोड़ कर रहे नमस्ते*
*हम भारतीय परम्परा से हाथ जोड़ करेंगे सत्कार*
*पर हाथ मिलाने का सदैव करेंगे बहिष्कार*
*छींक आने पर ढक नाक मुंह रुमाल टिशू का करें इस्तेमाल*
*शाकाहारी बन मांस का करें बहिष्कार,*
*भीड़ भाड़, कोल्ड ड्रिंक्स से रखें दूरी*
*देख कोरोना का वर्ल्ड टूर, इम्यूनिटी बढ़ाने की सबने ठानी*
*सेनीटाईजर/साबुन से हाथों को बार बार धोना रखें जारी*
*सफाई का रखें विशेष ध्यान जब प्रवेश करें घर द्वार*
*खांसी बुखार आने पर खुद न लें कभी दवाई*
*डॉक्टर से सलाह कर लें वही दवाई जो डॉक्टर ने बताई*
*सदैव सावधानी व सफाई के साथ रहना मेरे भैया*
*कोरोना वायरस भागेगा चिल्ला कर बचाओ बचाओ ओ मोरी मैया*

संतोष–बालकृष्ण भार्गव, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली
मो. : 9891910968, 25972177

**पत्रिका में प्रकाशनार्थ सामग्री भेजने की अन्तिम तिथि हर माह की 10 तरीख है। सम्पादक**

भार्गव समाचार दर्शिका में प्रकाशित लेख आदि लेखकों के अपने विचार होते हैं। इन विचारों के लिये भार्गव समाचार दर्शिका के सम्पादक मण्डल का उत्तरदायित्व अथवा सहमत होना आवश्यक नहीं है। – **सम्पादक**

# ARYAN CLASSES

INNOVATIVE LEARNING • PROVEN RESULTS

**A HIGHLY SPECIALISED PREPARATORY INSTITUTE**
**FOR IIT-JEE, DTU, BITS & NTSE**

Our students achieved highest success percentage
in IIT JEE, BIT SAT, AIEEE for the last five years

PROGRAMME SCHEDULE

**For VIII, IX, X, XI and XII students (1 / 2 / 3 / 4 Year Programme)**

**Special Courses for weak and average students and for genius also.**

**Special Classes for Board and school sylabus**



For Admission cum Scholarship Test Contact : **9711086251**

ARYAN CLASSES, Mahesh Bhargav
500/7, Lane No.5, Vishwas Nagar, Delhi 110032 Tel: 011-22387553, 22305075
Email: maheshbhargava97@rediffmail.com, harishkharbanda@rediffmail.com
Visit us at www.aryanclassesonline.com and follow us on

# जातीय समाचार

## विवाह

दिल्ली-कोसी कलां-आयु. रिया सुपुत्री श्रीमती मीनू एवं स्व. श्री नरेश भार्गव, कैलाश नगर, गांधी नगर, दिल्ली निवासी का शुभ विवाह चि. गौरव सुपुत्र श्रीमती सावित्री एवं स्व. श्री द्वारका भार्गव, कोसी कलां निवासी के साथ दिनांक 26 फरवरी, 2020 को सानन्द सम्पन्न हुआ।

अलीगढ़-जयपुर-चि. सचिन सुपुत्र श्रीमती मनीषा एवं श्री अनिल भार्गव सुपौत्र स्व. श्रीमती विजयलक्ष्मी एवं स्व. श्री बसंत लाल भार्गव, अलीगढ़ निवासी का शुभ विवाह आयु. गरिमा सुपुत्री श्रीमती आभा एवं श्री अरविन्द भार्गव सुपौत्र श्रीमती शकुंतला एवं स्व. श्री राज नारायण भार्गव, जयपुर निवासी के साथ 28 फरवरी, 2020 को अलीगढ़ में सानन्द सम्पन्न हुआ।

## विशेष उपलब्धि




Prof. Satish K. Bhargava, Ex. Head, Dept. of Radiology & Imaging, University College of Medical Sciences, Delhi University & Associated G.T.B. Hospital, Delhi received Life Time Achievement Award of Indian Radiological & Imaging Association at Ahmedabad on 15th March, 2020. Mobile : 9818312946, 9911572635

Ms. Purvi D/o Mr. Shishir-Mrs. Meeta, R/o RB-97, RBI Flats, R.K.Puram, Sector - 6, New Delhi - 110022 Phone : 26174432 Mobile: 9910381367 Email:shishirbhargava@rediffmail.com, GD/o Late Shri Jagmohan Swarup-Late Mrs. Shanta Jaipur, has completed her B.Tech (IT) (2015-2019) from IPU, Delhi (Maharaja Agrasen Institute of Technology) (MAIT) Delhi.

She has secured 2nd highest marks (CPI) among all the Girl Students of her B.Tech., Batch 2015-2019 of IT branch and Awarded for a Cash Prize of Rs. 31,000/-


She also got 3rd Rank in the College (MAIT) in 4th Year in B.Tech (IT) branch & Awarded with Cash Prize of Rs. 2100/-

Last year she also got the 2nd Rank in 3rd year & Awarded by a Cash Prize of Rs. 2,100/-

She is also the University Rank holders in previous years & many times the College Merit Certificate holder.

The Awards & Degree was Presented by hon'ble Governor of Assam Shri Jagdish Mukhi in a Convocation held on 28.02.2020 at MAIT, Delhi.

Presently she is pursuing MBA from NMIMS, Mumbai (2019-21).





ऑल इंडिया किचिन गार्डन एसोसिएशन ने यूनिट नम्बर 23 को सर्वोत्तम आने के उपलक्ष्य में कन्वीनर श्रीमती संतोष भार्गव, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया।


*With best compliments from*

**SMT.TRIVENI DEVI BHARGAVA DHARMARTH TRUST**

Regd. Office :

Flat No. C-103, Bhrigu Appt., Plot No. 4, Sector-9,
Dwarka Phase-1, New Delhi-110075

Phone : 32930553 Mobile: 9871292072

*In Memory of*





**SHRI KRISHAN KUMAR — SMT. SARLA BHARGAVA**
**1924-2009** **1928-2005**

raymond SHOP

**MOHAN LAL BHARGAVA & CO.**
SINCE 1920

1845, FOUNTAIN, CHANDNI CHOWK
DELHI-110006
PHONE : 23269599 · FAX : 23254821
E-mail : mlb1845@gmail.com

*With Best Compliments From*

**SURESH BHARGAVA**




***PLOTS***

**AGRA, FARIDABAD, JAIPUR, ROHTAK, MOHALI**

***FLATS***

**FARIDABAD, CHANDIGARH, KARNAL, BHIWARI**

**KANU ESTATES (PVT.) LTD.**

**G-24, SIDDHARTHA ENCLAVE, NEW DELHI-110014**

Ph. : 91-11-26344142, 26347664, 26342775, 26341413

Fax : 00-91-11-26346049

Website : sureshb@kannuestate.com

## (फार्म नं. 4 रूल 8, प्रेस दिल्ली रजि. एक्ट के अन्तर्गत)

| | | |
|---|---|---|
| प्रकाशन का स्थान | – | दिल्ली, मानव धर्म भवन, 67/3, मद्रास हाउस, दरियागंज, नई दिल्ली–110002 |
| प्रकाशन का समय | – | मासिक |
| मुद्रक का नाम | – | श्री योगेश भार्गव |
| राष्ट्रीयता | – | भारतीय |
| पता | – | वी–182/3, अरविन्द नगर, घोंडा, दिल्ली–110053 |
| प्रकाशक का नाम | – | श्री योगेश भार्गव |
| राष्ट्रीयता | – | भारतीय |
| पता | – | वी–182/3, अरविन्द नगर, घोंडा, दिल्ली–110053 |
| सम्पादक का नाम | – | श्री योगेश भार्गव |
| राष्ट्रीयता | – | भारतीय |
| पता | – | वी–182/3, अरविन्द नगर, घोंडा, दिल्ली–110053 |
| पत्र के अधिपति का नाम | – | श्री योगेश भार्गव |
| पता | – | वी–182/3, अरविन्द नगर, घोंडा, दिल्ली–110053 |

मैं योगेश भार्गव एतद् द्वारा घोषित करता हूँ कि अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिये गये विवरण सत्य हैं।

योगश भार्गव, सम्पादक


**Fax : 91-11-25920193**
**Mobile : 9810363235**
**E-mail : abcapd@live.com**

**25120193 (O)**
**25130548 (R)**

*Ashok Bhargava*

## *August Pharmaceuticals (Delhi)*

PHARMACEUTICALS RAW-MATERIALS &
EXCIPIENTS INDENTOR & SUPPLIER

WZ-414, NANAKPURA, HARI NAGAR,
NEW DELHI-110064

RES. : C-2A, MIG FLATS, MAYAPURI, DELHI-110064

With best compliments from

# PRAVIN PAPER PRODUCTS

*Manufacturers of :*
Cloth Lined Paper, Cloth Centred Paper,
File Covers, File Boards and All Types of Envelopes

28-A, Vidhan Sabha Marg,
Lucknow-226001
Phone : (0522) 2221375, 2223535, 2227733

**Associates :**

**Pradeep Bhargava**

# P. KUMAR & CO.

40 Cantt Road Lucknow
Phone : (0522) 2221375

**Pramod Bhargava / Prabhat Bhargava**

# PRAVIN PAPER INDUSTRIES

B-34, Site IV Industrial Area,
Sahibabad (Ghaziabad) U.P.
Phone : (95120) 2895476
Resi. : (95120) 2641357
Mobile : 9810644984

***Head Office :***
58, Chand Ganj Garden, Lucknow
Phone : (0522) 2374733

# सार्थक जीवन

(विचार चर्चा–सत्संग भवन)

श्रीमती बीना भार्गव, भूतपूर्व प्रधान, भार्गव महिला सभा दिल्ली (पंजी),
सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली।

**''उम्र का बढ़ना दस्तूर है दोस्तों।**
**अगर महसूस न करो तो, बुढ़ापा दूर है दोस्तों।''**

आपके मन की स्थिति आपका भाग्य निश्चित करती है। जीवन में चमत्कार घटित हो जाता है। अपनी सोच सकारात्मक व मन की स्थिति ऊंची रखो तो समस्यायें छोटी लगेंगी। जैसे हवाई जहाज से नीचे देखने पर सब वस्तुएं छोटी दिखायी देती हैं।

दुनिया में सबका फिक्स रोल है। सब अपना पार्ट प्ले कर रहे हैं। इस विचार से मन कभी असन्तुष्ट नहीं रहेगा। किसी से गिला-शिकवा नहीं रहेगा। सब में विशेषता दिखेगी।

कर्म का फल भोगना ही भोगना है। उससे आप बच नहीं सकते। अतः हर परिस्थिति में संतुष्ट रहकर या सहनशील बन कर ही आप शहँशाह बन सकते हैं।

**''फूल बन कर मुस्कुराना है जिंदगी**
**जीत कर मुस्कुराये तो क्या बात है**
**हार कर मुस्कुराना है जिंदगी।''**

जिंदगी में दुवाओं का खाता जमा करते चलें। मेरे द्वारा किसी को दुख न मिले-वाणी, सोच व कर्म द्वारा। तभी दुवाओं का खाता जमा होगा। परचिंतन व व्यर्थ की बातों में समय नहीं खोना चाहिये। अगर कोई अपना व परिचित अपने पुराने कर्मों के कष्ट उठा रहा है तो इसमें दुखी नहीं होना चाहिये। वह अपना पुराना हिसाब किताब चुकता कर रहा है। हमें धैर्य नहीं खोना है। उम्र बढ़ने के साथ अति संग्रह से बचना चाहिये। जब छोड़ कर जाना है तो अस्थायी वस्तुओं से बहुत लगाव क्यों रखें। कछुए की तरह समेटने की शक्ति, आम के पेड़ की तरह सहने की शक्ति, समुद्र की तरह समाने की शक्ति, ग्वाल-बालों की तरह सहयोग की शक्ति बढ़ानी चाहिये।

शरीर में सबसे मूल्यवान आत्मा है। उसके निकलते ही सब इन्द्रियां अपना काम करना बंद कर देती हैं। अतः हमें अपनी आत्मा के सातों गुणों को अपना कर उसको शक्तिशाली बनाना चाहिये। हमें आनन्द, शान्ति, सहयोगी, समाने, समेटने, सामना व निर्णय करने की शक्ति को बढ़ाना चाहिये। जिससे हमारा अन्तिम पड़ाव आने पर हम शान्तिपूर्वक इस यात्रा को पूर्ण कर सकें।

हमें किसी से मान, सम्मान, धन आदि किसी भी वस्तु की इच्छा नहीं होनी चाहिये। भगवान ने हमें हर एक अंग मूल्यवान दिया है जो हम किसी कीमत पर किसी को नहीं दे सकते हैं। अतः हम धनवान हुये न।

हर परिस्थिति में भगवान हमारे साथ हैं। इस भावना से हर कठिन से कठिन कार्य में जुट जायें तो सफलता अवश्य मिलेगी। हर रिश्ते से उसे ऊपर समझें।

कुछ लोग कहेंगे हमारे पास टाइम नहीं है। हम कहते हैं हमारे पास समय ही समय है। घर के काम करते-करते, घर से बाहर आते-जाते हर सांस में जाप चलता रहे। हर समय याद की यात्रा में रहें। तभी समय सार्थक होगा।


# UMA UNIFORMS

*Mfrs. of : All kinds of Uniforms*

*Specialists in :*
School, Hospital, Staff, Workshop Uniforms

**C-18, GALI NO. 3, VILLAGE KOTLA,
MAYUR VIHAR, PHASE-1, DELHI-110091
Ph. : 9868222734**

*With Best Compliments From : -*

# PRINT TIME

**Dealers in : FLEXIBLE PACKAGING MATERIAL**

ALMUNIUM, BLISTER FOIL, PVC FILM, PAPER,
L.D. H.M. P.P. BAGS
(Printing & Trading)

***Office :***

108, SYNDICATE HOUSE, OLD ROHTAK ROAD
DELHI-110035
Phone : 011-23658785

***Plants :***

139, SHAHZADABAGH INDUSTRIAL AREA
PHASE- II, DELHI - 110039
244, INDUSTRIAL ESTATE, HSIDC, RAI
SONIPAT, HARYANA

## *Mrs. Madhu Bhargava*

Mobile : 09868874988

## *Er. Mohit Bhargava*

Mobile : 09818180097

E-161-162, Prashant Vihar, Delhi-110085

Phone : 011-27562397

Mobile : 09810130726, 09911939130

E-mail : er.bhargavamohit@gmail.com

*In memory of*

# *Shri Shankar Lal Bhargava*



Raj Shree
ठंडाई पाउडर

SHAMBHU NATH SURESH KUMAR
DELHI-6

श्री
मिल्क मसाला
केसर पिस्ता, बादाम

## SHAMBHU NATH SURESH KUMAR

**DRY FRUITS, SPICES & DRIED FRUITS**

## SHANKAR LAL VED PRAKASH
## SHANKAR LAL KAMAL CHAND

**6701, KHARI BAOLI, DELHI-110006**
**Mobile : 9810105818, 9818521507, 9212111074**

**Suresh Bhargava**

# रोगों में लाभदायक मेथी

मेथी के पत्ते का साग, रस व सूप रक्तवात, गठिया, दृष्टिदोष और वातजन्य रोगशामक है। सूखी मेथी के बीजों की अपेक्षा मेथी की सब्जी कुछ ठंडी, पाचक, गर्भवती स्त्रियों, वायुदोष के रोगियों के लिये अत्यंत हितकारी है। एक शोध के अनुसार, मेथी की सब्जी या मेथीदाने के सेवन से वात रोगों का शमन होता है।

## मेथी के घरेलू नुस्खे

1) रोज मेथी की हरी पत्तियों का साग बनाकर खाने या उसका रस निकाल कर पीने या सूखी मेथी का सेवन करने से 80 प्रकार के वातजन्य दर्दों में लाभ होता है।

2) मेथी के पत्तों में 'ट्रिगोथिन' नामक तत्व पाया जाता है, जो लिवर के विकारों में अत्यंत लाभप्रद होता है। 100 ग्राम मेथी के पत्तों के रस में एक चम्मच शहद मिलाकर पीने से यकृतदोष, यकृत की वृद्धि से उत्पन्न कठोरता, संधिवात, सूजन, दर्द व मधुमेह रोगों में आराम मिलता है।

3) मेथी का काढ़ा बनाकर उसमें दो चम्मच शहद मिलाकर पीने से खांसी में आराम मिलता है।

4) मेथी की पत्तियों की पुल्टिस बांधने से चोट की सूजन दूर होती है।

5) बच्चों के पेट में कीड़े हो जाने पर उन्हें 1-2 चम्मच मेथी की सब्जी प्रतिदिन पिलाने से लाभ होता है।

6) पसलियों में दर्द होने पर 100 ग्राम मेथीदाना हल्का-सा भून लें। फिर इसका बारीक चूर्ण बनाकर उसमें चूर्ण का चौथाई भाग काला नमक मिलाकर रख लें। इस चूर्ण की 5 ग्राम की मात्रा सुबह-शाम गुनगुने पानी के साथ सेवन करें। चाहे कोई भी असहनीय दर्द हो, 15 दिनों में खत्म हो जायेगा।

7) वात के कारण हाथ-पैरों की मांसपेशियों में दर्द हो रहा हो, तो मेथी की पत्तियों को घी में भूनकर प्रतिदिन सुबह-शाम 100-150 ग्राम खाएं या मेथीदाने का चूर्ण बनाकर सेवन करें।

8) प्रतिदिन मेथी की सब्जी का सेवन करने से वायु, कफ और बवासीर में लाभ होता है।

9) जिन्हें बार-बार यूरिन के लिए जाना पड़ता हो, उन्हें मेथी के पत्तों के 100 मिली. रस में डेढ़ ग्राम कत्था और तीन ग्राम मिश्री मिलाकर प्रतिदिन तीन

बार सेवन करना चाहिये।

10) जिन्हें लो ब्लड प्रेशर (निम्न रक्तचाप) की शिकायत हो, उन्हें मेथी की भाजी में अदरक, गरम मसाला आदि डालकर सेवन करने से लाभ होता है।

11) वात रोगों से पीड़ित होने पर 2-2 ग्राम मेथी चूर्ण सुबह-शाम लेने से आराम मिलता है।

12) गठिया के दर्द में मेथीदाने का लड्डू सेवन करना सर्वोत्तम है। 125 ग्राम मेथीदाने को भूनकर चूर्ण बना लें। फिर इसमें 500 ग्राम गुड़ मिलाकर 25-25 ग्राम के लड्डू बना लें। एक-एक लड्डू सुबह-शाम सेवन करने से गठिया, कमरदर्द, कब्ज आदि की शिकायत दूर हो जाती है।

13) मेथी, राई और अजवायन समान मात्रा में लेकर बारीक चूर्ण बनाकर उसमें आवश्यकतानुसार सेंधा नमक मिलाकर रख लें। पतला दस्त होने पर एक चम्मच चूर्ण पानी के साथ सेवन करें।

14) सुबह 3-4 ग्राम मेथी चूर्ण का सेवन करने से वृद्धावस्था में घुटनों के दर्द से बचा जा सकता है। मेथीदाने का काढ़ा बनाकर नियमित 2-3 महीने तक पीने से घुटनों और टखनों का जलनयुक्त दर्द ठीक हो जाता है।

मोबाइल: 9718011810 संकलनकर्ता : मयंक भार्गव

With best compliments from Om Prakash Bhargava

**BHARGAVA PLASTICS**

*Manufacturers of :*

***POLYTHLENE TUBES, BAGS & SHEETS***

*Sales Office*
1/9804, West Gorakh Park, Gali No.1, Babarpur Road,
Opp Hanuman Mandir, Shahdara, Delhi-110032
Phone : 22824533

*Factory*
L-97, Sector-1, Udyog Vihar, Bawana Industrial Area
Bawana, Delhi-110039 • Phone : 27750458
Phone : 9312280965 Mobile : 9810447989

# दाँत नहीं जीभ बनो

एक संत थे। उनके कई शिष्य थे। जब उन्हें महसूस हुआ कि उनका अंतिम समय आ गया है तो उन्होंने अपने शिष्यों को बुलाया। जब सभी शिष्य आ गये तो उन्होंने कहा–जरा मेरे मुँह के अंदर देख कर बताओ कि अब कितने दाँत रह गये हैं।

बारी–बारी से सभी शिष्यों ने संत का मुंह देखा और एक साथ बोले–गुरुदेव! आपके सभी दांत टूट गये हैं। एक भी नहीं बचा।

संत ने कहा–जरा ध्यान से देखो कि जीभ है या नहीं। यह सुनकर शिष्यों को हंसी आ गयी। वे सोचने लगे आज गुरुजी मजाक क्यों कर रहे हैं। एक शिष्य बोला–गुरुजी! जीभ तो जन्म से लेकर मृत्यु तक साथ रहती है। वह कहां जायेगी?

तब संत हंसकर बोले–यह तो अजीब बात है कि जीभ जन्म से लेकर मृत्यु तक साथ रहती है और दांत बाद में आते हैं और पहले चले जाते हैं, जबकि बाद में आने वालों को बाद में जाना चाहिये। क्या तुम लोगों में से कोई बता सकता है कि ऐसा क्यों होता है, दांत बाद में आते और चले पहले जाते हैं?

एक शिष्य बोला–गुरुजी, यह प्रकृति का नियम है कि दांत पहले टूट जाते हैं, जीभ नहीं टूटती।

संत ने कहा–यही बात समझाने के लिये मैंने तुम लोगों को यहां बुलाया है। यह प्रकृति का नियम नहीं है। जीभ इसलिये नहीं टूटती क्योंकि उसमें लोच है, वह नरम है। उसमें सहन करने की शक्ति है। उसमें कठोरता बिल्कुल नहीं होती, जबकि दांत बहुत कठोर होते हैं। उन्हें अपनी कठोरता पर अभिमान होता है। वही कठोरता उनकी समाप्ति का कारण बनती है। जीभ और दांत की कोई तुलना नहीं हो सकती। यदि तुम्हें समाज के कठोर नियमों का पालन करना है तो तुम लोग जीभ बनो, दांत नहीं। अपने को हमेशा लचीला बनाये रखो। समाज में नम्रता का व्यवहार करो। यदि ऐसा नहीं करोगे तो दांत की तरह तुम भी जल्दी टूट जाओगे और समाज तुम्हें तिरस्कृत कर देगा।

मोबाइल: 8882954428 संकलनकर्ता : मीनाक्षी भार्गव

*With Best Compliments from:*

**KISHORI LAL AGENCIES**

*Wholesale Paper and Board Merchants*

Wiro, Spiro, Diary, Calendar,
Wedding Card and Boxes

❖ ❖ ❖

**SUNDRAM CARDS**

*Specialists in:*
*Designer Wedding Cards*

73, Chawri Bazar, Delhi-110006

*Davender Bhargava* 9312973134
*Arvind Bhargava* 9810228863
*Pravin Bhargava* 9810019290

E-mail : kishorilal73@gmail.com
sundramcards@gmail.com

# शिक्षा का व्यापारीकरण व चेतावनी

भारतीय संविधान में शिक्षा को महत्वपूर्ण स्थान मिला है, फिर भी सरकार की नियति उच्च शिक्षा में कम खर्च करने की रही है। ऐसा सोचते हैं कि सरकार मानती है कि उच्च शिक्षा का यदि निजीकरण किया जाता है तो शिक्षा का स्तर व गुणवत्ता बढ़ेगी। यही कारण है कि स्ववित्तीय शिक्षा संस्थाओं में व्यापारीकरण को बढ़ावा मिला है।

एक वह प्राचीन समय था जब छात्र गुरुकुल में रह कर शिक्षा ग्रहण किया करते थे। वहाँ रह कर वे संस्कारयुक्त बनकर निकलते थे। वर्तमान समय में इसके विकल्प न के बराबर रह गए हैं। यही कारण है कि गली मोहल्लों में जगह जगह पर कोचिंग सेन्टरों की संख्या में दिन प्रतिदिन बढ़ोत्तरी होती जा रही है जो शिक्षा के नाम पर सौदेबाजी कर छात्र व अभिभावकों को झूठे प्रलोभन दे कर फँसाकर, उनकी गहरी कमाई को लूट रहे हैं। कुछ वित्तीय संस्थाओं के मालिक तो ऐसे हैं जो शिक्षा से कोसों दूर रहे और आज वे ही प्रोफेशनल संस्थाऐं चला रहे हैं क्योंकि इसमें उन्हें वित्तीय लाभ मिलता है, वह भी काफी अधिक। उन्होंने तो धन और अपनी प्रतिष्ठा के बल पर शिक्षा के इन मंदिरों को धन कमाने का साधन एवं नोट छापने की मशीन बना रखा है। यह शिक्षा का व्यापारीकरण नहीं है क्या? इसका जिम्मेदार कौन छात्र, अभिभावक, सरकार, या सरकार की शिक्षानीति?

सरकारी संस्थाओं में डॉक्टरी की पढ़ाई लगभग 5 से 10 लाख में पूरी हो जाती है और वही पढ़ाई निजी एफीलेटिड संस्थाओं, कालेज व यूनीवर्सिटीज में लगभग एक करोड़ से ऊपर का खर्च बैठ जाता है। यह सोचने का विषय है कि ऐसा क्यों? जब कोई अपनी पढ़ाई पर इतना अधिक खर्च करके आऐगा तो वह पहले तो ली गई उधारी को चुक्ता करेगा। फलस्वरुप उसकी सेवाएं गरीब की पहुँच से दूर हो जाती हैं।

शिक्षा के व्यापारीकरण के लिए नाना प्रकार के विज्ञापनों व कदम कदम पर पोस्टरों की भरमार है। अब वह कदम दूर नहीं जब गलियों में फेरी पर निकलने लगेंगे वैसे गलियों व कॉलोनियों में केम्प लगाना, फेरी लगाने के समान ही हैं। इससे तो ऐसा प्रतीत होता है कि आप शिक्षा के बाजार में जितने अधिक नोट थैले में भर कर ले जाओगे तदानुसार शिक्षा के क्षेत्र में तुरंत एडमीशन व डिग्री खरीद कर ले आयेंगे।

शिक्षा के निजीकरण या व्यापारीकरण होने के मुख्य तीन कारण समझ में आते हैं। सरकार के पास इस हेतु धन की कमी, सरकार की प्राथमिकता शिक्षा में बदलाव या पुरानी शिक्षा पद्धतियों में कमियाँ जिन्हें निजीकरण के द्वारा दूर किया जा सकता हो।

मेडीकल, इंजीनियरिंग व उच्च शिक्षा ही नहीं बल्कि अन्य छोटी बड़ी शिक्षाओं का भी कहीं कहीं निजीकरण सा हो गया है। सरकार वैसे तो अरबों खरबों रुपये खर्च करती है किन्तु इन सरकारी स्कूलों में मिडिल क्लास या गरीब बच्चे ही पढ़ने जाते हैं। इन स्कूलों में पढ़ाई का स्तर घटिया होता है जबकि सरकारी स्कूलों में अध्यापकों को प्राईवेट स्कूलों के अध्यापकों की तुलना में अधिक वेतन व अन्य सुविधाऐं मिलती हैं। फलस्वरुप पैसे वाले अपने बच्चों को प्राईवेट स्कूलों में ही भेजते हैं। सरकारी स्कूल के बच्चे तो अपनी लगन, ईश्वरीप्रदत्त ज्ञान व किस्मत के कारण ही कुछ कर पाते हैं। सरकारी स्कूलों में प्लेसमेन्ट की सुविधा नहीं होती हैं जबकि यह सुविधाएं प्राईवेट स्कूलों में मिल जाती हैं। यदि गरीब व मिडिल क्लास वालों के पास भी पैसा हो तो वह भी अपने बच्चों को प्राईवेट स्कूलों में ही भेजेंगे और फिर सरकारी स्कूल स्वत: बन्द हो जाऐंगे किन्तु ऐसा संभव नहीं है। यही कारण है कि मिडिल क्लास वाले भी कर्ज लेकर अपने बच्चों को प्राईवेट स्कूलों में ही पढ़ाने का प्रयास करते हैं।

सरकारी स्कूलों की जरजर स्थिति, अध्यापकों का ढ़ीलढ़ाल रवैया व उनकी ड्यूटी किसी सरकारी योजना में या जानवरों की गणना में, या फिर भारत की जनगणना में या इलेक्सन ड्यूटी में या अन्य कहीं ड्यूटी लगाने के कारण अध्यापकों का ध्यान व लगन समाप्त सा हो जाता है। यही कारण है कि अभिभावक अपने बच्चों का प्रवेश निजी स्कूलों या संस्थाओं में ही कराना चाहते हैं और फिर निजी संस्थाओं की बढ़ोत्तरी होती है। अच्छे सरकारी स्कूलों/कालेजों/संस्थानों/विश्वविद्यालयों में प्रवेश न मिलने के कारण ही मजबूरन छात्र प्राइवेट की ओर भागते हैं।

कोचिंग सेन्टर चलाने वालों के लिए यह एक चमकता धन्धा है, जो छात्र व अभिभावक की मजबूरी का लाभ उठाते हुए अनाप सनाप कमाई कर रहे हैं। समाचारपत्रों के माध्यम से पता चला कि अधिकतर कोचिंग सेन्टर/संस्थान अवैद्य रूप से चल रहे हैं। दिल्ली में ही लक्ष्मी नगर, मुखर्जीनगर, राजेन्द्रनगर व जनकपुरी आदि में ऐसे सेन्टरों की भरमार है। अनेकों सेन्टरों में न कोई सुविधा है, न किसी प्रकार की सुरक्षा है, न फायर सेफ्टी अलार्म है। गली, सीढियाँ व रास्ते संकरे हैं और न ही अग्निशमन विभाग से एन.ओ.सी. मिला है। सब कुछ भगवान के सहारे ही चल रहा है और छात्र अपनी जान हथेली पर रख कर पढ़ाई कर रहे हैं। यह सब पता लगाने की कोशिश तब की गई जब गुजरात के सूरत में मई 2019 को एक कोचिंग सेन्टर में आग लगने की दिल दहलाने वाली घटना घटी जिसमें 24 बच्चे अपनी जान गवाँ बैठे। धूएं के कारण दम घुटने से व रास्ता न मिलने के कारण खिड़कियों से कूदकर। अब फायर विभाग सब सेन्टरों की जाँच कर एन.ओ.सी. देगा।

सरकार को चाहिए कि शिक्षा के व्यापारीकरण को रोकने व कम करने के लिए वह सरकारी स्कूलों/कालेजों/संस्थानों/विश्वविद्यालयों की संख्या में बढ़ोत्तरी करे तथा निजी स्कूलों/कालेजों/सेन्टरों/ संस्थानों/विश्वविद्यालयों पर अंकुश लगाए, समय समय पर निरीक्षण कर एन.ओ.सी. दें व उनके लिए उचित लाभ का ध्यान रखते हुए फीस को लगभग सरकारी संस्थाओं के समान्तर लाने का प्रयास करें। इसे राजनीति से दूर रक्खें। सरकार है और इच्छा व ईमानदारी है, तो सब कुछ संभव है।

छात्र, अभिभावक एवं सरकार को सुझाव और चेतावनी।

संतोष–बालकृष्ण भार्गव, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली.
मो. 9891910968, 25972177

**विवाह आदि शुभ अवसरों पर पत्रिका को मुक्त हस्त से दान दें। सम्पादक**

## व्रत–पर्व तथा त्यौहारों की सूची ( सम्वत् 2077 )

| वार | सन् 2020 | व्रत–पर्व |
|---|---|---|
| | | **चैत्र ( शुक्ल पक्ष )** |
| बुध. | 25 मार्च | नवरात्र आरम्भ, कलश स्थापना |
| शुक्र. | 27 मार्च | गणगौर तृतीया |
| बुध. | 1 अप्रैल | दुर्गा अष्टमी |
| बृह. | 2 अप्रैल | राम नवमी |
| शनि. | 4 अप्रैल | एकादशी (कामदा) |
| रवि. | 5 अप्रैल | प्रदोष |
| मंगल | 7 अप्रैल | पूर्णिमा (व्रत) |
| बुध. | 8 अप्रैल | पूर्णिमा (स्नान), हनुमान जयन्ती |
| | | **वैशाख ( कृष्ण पक्ष )** |
| शनि. | 18 अप्रैल | एकादशी (बरुथनी) |
| सोम. | 20 अप्रैल | प्रदोष |
| बृह. | 23 अप्रैल | अमावस्या |
| | | **वैशाख ( शुक्ल पक्ष )** |
| शनि. | 25 अप्रैल | परशुराम जयन्ती |
| रवि. | 26 अप्रैल | अक्षय तृतीया |
| रवि. | 3 मई | एकादशी (मोहिनी) |

*With best compliments from*

BC

Diwakar 9810003713
Sudhakar 9810042132
Kunal 9891091010
Rishabh 9990000225

**BHARGAVA**

COMMERCIAL PVT. LTD.

(WHOLESALE PAPER & BOARD MERCHANTS)

21/12, Darya Ganj, Dev Niwas, New Delhi-110 002

*Ph.:* 23269990, 23280556, 23254041 Fax : 91-11-23280557

**BHAI PAPERS PVT. LTD.**

***PAPER & WIRO IMPORTERS & INDENTORS***

**BHAI SPIRAL SPICO (P) LTD.**

C-93, D.D.A. SHEDS, OKHLA INDUSTRIAL AREA
PHASE-I, NEW DELHI-110020
PHONES : 26811616, 26813939

RESI. : 22151617, 22141617

**With Best Compliments:**
**Mr. Suresh Bhargava and Mr. Arshad Usmani**




# ANANTHAM EPIC HOMES

(Builders & Developers)

**Corporate Office:**

# 'A' 511-512, "Bonanza", Sahar Plaza, Andheri Kurla Road, Andheri East, Mumbai 400059

Tel: 022 66916851/2/3 Mob: 8828115822 | E: md@aehomes.co.in | W: www.aehomes.co.in

**Site Address:**

Opp. Taki Mata Mandir, Near L & T Training Centre Off Mumbai Pune Highway,
Rees, Panvel Division - 410206
(Mumbai Metropolitan Region)

**Tel. : 27465607, Mob. : 8828115812**


BHARGAVA PHYTOLAB
SINCE 1920
A Leading Homoeopathic Company
BHARGAVA PHYTOLAB
Clinically proven for acute and chronic
Cervical Spondylitis
and
Cervical Spondylosis
Doctor's Most Trusted Brand for
Cervical Spondylosis
Available at all the nearest
Homoeopathy
& Allopathy stores
SPONDIN
BUY ONLINE AT
www.doctorbhargava.com
SPONDIN®
Drops
India's No.1 Selling Brand for
NECK & SHOULDER PAIN
BHARGAVA PHYTOLAB PVT. LTD.
Inspired By Nature, Driven By Technology
A Leading Homoeopathy Company
Help Line No.:
99-1006-1320


GRACURE
• EU GMP cerification from Belgium's FAMHP
• Certified for tablets, capsules, liquid syrups, ointments and dry syrups
• Believes in "Quality On Time & In Full"
PRIMARY PACKING AREA
EU-GMP Certified Co.
Gracure Pharmaceuticals Ltd.
251-254, 2nd Floor, DLF Tower, Block-IV, 15, Shivaji Marg, New Delhi-110 015 (INDIA)
Phone : +91-11-47770900 Fax : +91-11-477709999
Email : info@gracure.com Website : www.gracure.com

Regd. No. DL©-01/1255/2018-2020
Date of Publishing 28-03-2020
Posted at New Delhi PSO, 28 & 29 Every Month
मार्च 2020 RNI No. 19737/70




श्री योगेश भार्गव स्वामी, सम्पादक, मुद्रक तथा प्रकाशक के प्रबन्ध से भृगु प्रिंटर्स, डी-6/29ए, दयालपुर, दिल्ली-94 में छपा एवं मानवधर्म भवन, 67/3 मद्रास हाउस, दरियागंज, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित हुआ। दूरभाष : 9312243182